Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to review the list of beneficiaries under Ayushman Bharat Yojana in the country particularly in Meerut Parliamentary Constituency -laid.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): आयुष्मान भारत योजना हमारे देश में गरीबों को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने एवं स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में एक अहम भूमिका निभा रही है। परन्तु आयुष्मान भारत के लाभार्थियों की सूची में कई नाम ऐसे आ गए हैं जिन्हें मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर की दूर-दूर तक कोई जरूरत नहीं है। मेरठ में ही बागपत रोड स्थित अत्यधिक धनाढ्य कॉलोनी शुम्भूनगर एवं आस-पास के निवासी कुछ धनी परिवार आयुष्मान भारत के लाभार्थियों की सूची में दर्ज हैं। इस प्रकार के उदाहरण अन्यत्र भी बड़ी संख्या में विद्यमान हैं। इसके कारण जिन गरीब लोगों को इन सेवाओं की सख्त जरूरत है, वे इस योजना के तहत मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो रहे हैं। आर्थिक सर्वेक्षण ने भी सरकारी योजनाओं में ऐसी समावेशी त्रुटियों को उजागर किया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह इस महत्वपूर्ण योजना के संभावित दुरूपयोग को रोकने के लिए लाभार्थी सूची की जांच कराकर अपात्र परिवारों का नाम सूची से बाहर करे तथा नया सर्वे शीघ्र कराकर पात्र परिवारों का नाम लाभार्थी सूची में शामिल कराने की व्यवस्था करे।